तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता, समयबद्धता और मॉनिटरिंग पर दिया जा रहा जोर



## खबर संक्षेप

### जिले के 204 यात्री श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जशपुर जिले के श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम का दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है। अयोध्या धाम यात्रा के तहत अब तक जिले से 2 हजार 640 श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के दर्शन कराए जा चुके हैं। इसी कड़ी में इस योजना से यात्रा हेतु 13वां जत्था को मंगलवार को सुबह जिले के समस्त जनपद व नगर पंचायत से जनप्रतिनिधियों द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले के जनपद पंचायत व नगर पंचायत से 204 यात्री रवाना किए गए हैं। इनमें जशपुर और मनोरा से रामलला दर्शन अयोध्या हेतु नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत सदस्य सावित्री सिंह, सीईओ जनपद पंचायत जशपुर व समस्त जनपद स्टाफ के उपस्थिति में बस रवाना किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत पत्थलगांव से रवाना किया गया।

### जिले में नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में किया जाएगा। राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व मामलें भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग के वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किए जाएंगे। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा, तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते हैं।

### युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

**जशपुरनगर।** जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर द्वारा 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में तीन कंपनियों द्वारा कुल 360 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक सुबह 11 बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालय, जशपुर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकों को अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में उपस्थित होना है। रोजगार मेले में आरजे ग्रुप मैनपावर जशपुर अंतर्गत 50 पदों में भर्ती होनी है, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड हेतु 20 पद योग्यता 10वीं व 12वीं, फाइनेंस ऑफिसर के 10 पद योग्यता 10 वीं व 12 वी, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 10 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए, रिसेपनिस्ट के 5 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए और स्टाफ नर्स के 5 पदों के लिए योग्यता नर्सिंग होना आवश्यक हैं।

### न्याय न मिलने पर कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

# तहसीलदार पर महिला से जबरन माफीनामा लिखाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आंगनबाड़ी सहायिका ने तहसीलदार पर थाना ले जा कर जबरन माफीनामा लिखाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पति ने दुलदुला थाना में मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं तहसीलदार राहुल कौशिक का कहना है कि, उक्त महिला ने जमीन सीमांकन की प्रक्रिया के दौरान वाद-विवाद करते हुए हमला करने की कोशिश की।

इस पर मौके पर मौजूद महिला पुलिस की सहायता से उसे थाना ले जाया गया था। इस मामले में अब राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस पीड़िता के साथ न्याय ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मामला जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित गांव



बोड़ोछापर का है। मंगलवार को कांग्रेस भवन में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित पत्रकार वार्ता में पहुंची पीड़िता सुबोत्री बाई ने बताया कि 16 अप्रैल को दुलदुला के तहसीलदार राहुल कौशिक बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी निजी जमीन के डिमार्केशन के लिए पहुंच गए। इस पर जब उन्होनें आपत्ति जताया तो उसे गिरफ्तार कर दुलदुला थाने ले जाया गया। थाने में, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में उसे निलंबित करने की धमकी दे कर दबावपूर्वक लिखित में माफीनामा लिखवाया गया। पीड़िता के पति गुलेश्वर भगत ने बताया कि वे बोड़ोछापर के पेसा ग्राम सभा के अध्यक्ष है।

#### सचिव को पत्र लिख विशेष ग्राम सभा आयोजित करने की मांग

पीड़िता के पति गुलेश्वर भगत ने ग्राम पंचायत के सचिव को पत्र लिख कर इस मामले में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने की मांग की थी, लेकिन पंचायत सचिव ने स्पीड पोस्ट से भेजे गए पत्र को लेने से ही इंकार कर दिया। दुलदुला पुलिस के पास की गए शिकायत में गुलेश्वर भगत ने आरोप लगाया है कि, मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बिना उनकी सहमति के उनकी निजी जमीन पर जेसीबी चला दी।

#### महिला पर विवाद व मारपीट के प्रयास का आरोप

वहीं इस मामले में तहसीलदार राहुल कौशिक ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि, घटना के दिन मौके पर पहुंची महिला विवाद कर रही थी। जब उन्होनें समझाइश देने की कोशिश की तो महिला ने उन पर हाथ चलाने का प्रयास किया। इस पर मौके पर मौजूद महिला पुलिस की सहायता से उसे पुलिस थाना ले जाया गया। यहां उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही थी, इस पर महिला ने स्वयं लिखित में माफीनामा लिख कर पुलिस को दिया।

#### कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

इस मामले में अब राजनीति शुरू हो गई है। मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में भानूप्रताप सिंह ने कहा कि, अगर इस मामले में पीड़ित महिला के साथ इंसाफ नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क में उतर कर आंदोलन करेगी। उनका कहना था कि जशपुर अधिसूचित जिला है। इसलिए पंचायत के आमसभा की सहमति के बिना कोई भी अधिकारी जमीन अधिग्रहण और डीमार्केशन की कार्रवाई नहीं कर सकता है। भानु प्रताप सिंह ने का कहना है कि बोड़ोछापर की आंगनबाड़ी सहायिका आदिवासी महिला के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया है,वह बिलकुल स्वीकार्य नहीं है।

# गौ तस्करी पर जशपुर पुलिस का बड़ा एक्शन



**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 नग गौवंशों को मुक्त कराया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई मनोरा चौकी क्षेत्र में की गई।

■ 12 गौवंशों को कराया गया मुक्त, तस्कर भेजा गया जेल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 20 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे चौकी मनोरा में मुखबिर से सूचना मिली कि, एक व्यक्ति ग्राम बड़ा टेम्पु के लेटे झरिया नाला के पास पगडंडी रास्ते से बड़ी संख्या में गौवंशों को मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस टीम जब लेटे झरिया नाला पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति 12 गौवंशों को तेजी से पैदल हांकते हुए ले जाता मिला। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की, पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दुर्योधन ⏭ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री ने बगिया जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों और समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।

■ आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने सभी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि, शासन की योजनाएं जनता की सुविधा और विकास के लिए हैं, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इनका लाभ समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि, वे समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दें ताकि आमजन को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह, अन्य अधिकारियों सहित आमजन ⏭ शेष पेज 4 पर

# सेंट जेवियर्स पत्थलगांव को बैंड प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित है। बच्चों का हौसला बुलंद करने व जीवन में आगे बढ़ने के लिए विद्यालय कई रूपों में प्रोत्साहन देने का अवसर प्रदान करती है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय समग्र शिक्षा तेलंगाना के मार्गदर्शन में जोनल स्तरीय अन्तर विद्यालय गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड प्रतियोगिता 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 को प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना एग्रीकल्चरल यूनिवसिटी राजेन्द्रनगर हैदराबाद में आयोजित की गई थी।

■ समग्र शिक्षा तेलंगाना ने प्रदान की ट्रॉफी, स्कूल में हर्ष



प्रतियोगिता में 9 राज्यों से कुल 36 टीमें प्रतियोगिता में सहभागी हुई थीं। जिसमें सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव की गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए उतकृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसके लिए 21 अप्रैल को समग्र शिक्षा तेलंगाना की ओर से सेंट जेवियर्स स्कूल पत्थलगांव गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड को ट्रॉफी प्रदान की गई। सेंट जेवियर्स शालेय परिवार ट्रॉफी पाकर अत्यधिक हर्षित है। इस खुशी को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने दोगुना कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य फादर सुनील कुमार खलखो येस ने स्कूल गर्ल्स ब्रास म्यूजिक बैंड के विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए निरंतर कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके कठिन परिश्रम और समर्पित शिक्षण कार्यो की सराहना की। उन्होंने उप प्राचार्य फादर सिलास टाप्पो येस और उनके सहयोगी शिक्षक नारायण बरूवा, मैम सुनिता खलखो को विशेष रूप से गर्ल्स स्कूल ब्रस म्यूजिक बैंड की अगुवाई करने एवं सफलता हेतु बधाई दी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया।

# सांसद राठिया ने गौरव पथ का डिवाइडर बंद करने के दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** लोक सभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस विभाग की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सांसद श्री राठिया ने लोगों की समस्याओं का सामाधान गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान जशपुर के गौरव पथ के डिवाइडर खुली अवस्था में होने की बात संज्ञान में आई। इस पर सांसद राठिया ने कलेक्टर श्री रोहित व्यास को शहर के रोड डिवाइडर को बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, लोगों की सुविधा के लिए गौरव पथ और फोर लैन डिवाइडर को बंद करना जरूरी है, ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव जिला पंचायत उपाध्यक्ष शोर्य प्रताप सिंह जुदेव कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिसु अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह डीएफओ शशि कुमार जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिपं अध्यक्ष सालिक ने बिरहोर परिवार के साथ मनाया जन्मदिन

**जशपुरनगर।** अपनी सादगी और जनसरोकारों के लिए पहचाने जाने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने इस वर्ष भी अपना जन्मदिन बेहद सादगी के साथ मनाया। विशेष संरक्षित जनजाति बिरहोर परिवार के बीच पहुंचकर उन्होंने केक काटा और उनके साथ भोजन कर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। जशपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ केक काटने के बाद सालिक साय अपने गृह ब्लॉक के बटईकेला पंचायत अंतर्गत बिरहोर बस्ती पहुंचे, जहां उन्होंने बिरहोर परिवार के बीच समय बिताया और उनके साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की भी अच्छी खासी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला मंत्री आलोक सारथी, लुड़ेग तमता मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, पत्थलगांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हेमंत बंजारा, कांसाबेल मंडल महामंत्री समरजीत चांद, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भूषण वैष्णव, जनपद पंचायत सदस्य महेश नाग, अमित जिंदल, पवन यादव, सुदर्शन पैंकरा, बटईकेला सरपंच मुक्ति देवी, परमेश्वर चक्रेश, नीलांचल सिंह, बलेश्वर चक्रेश, आलोक गर्ग, धनंजय तिवारी, मुकेश यादव, अरविंद स्वर्णकार, पवन गुप्ता बिट्टू, अमित पारिक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



**जशपुरनगर।** तहसीलदार न्यायालय जशपुर के आदेश क्रमांक 654 एवं 655/वाचक/2025, 20 अप्रैल के पालन में राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम टिकैटगंज, तहसील एवं जिला जशपुर में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम टिकैटगंज के पटवारी हल्का नंबर 03 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल जशपुर के खसरा नंबर 188 की कुल रकबा 1.862 हेक्टेयर भूमि में से 0.202 हेक्टेयर तथा कोटवारी स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 59/2 रकबा 0.425 हेक्टेयर पर ग्राम टिकैटगंज निवासी कृपाशंकर भगत द्वारा तारजाली लगाकर अनाधिकृत अतिक्रमण किया गया था। तहसील प्रशासन द्वारा गठित राजस्व टीम, पुलिस बल, ग्राम सचिव, कोटवार एवं अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में उक्त अतिक्रमण को हटाते हुए तारजाली का घेरा हटाया गया। हटाई गई सामग्री को ग्राम सचिव के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सरपंच पार्वती भगत सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस संबंध में पंचनामा तैयार कर उपस्थित व्यक्तियों के हस्ताक्षर भी लिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### जल-जंगल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त गांव का लिया गया संकल्प

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पुरनानगर में जगी जागरूकता की अलख

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत पुरनानगर में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माता के सम्मान में एक वृक्ष लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भावनात्मक



जुड़ाव को भी बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और अपने गांव को हरित एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि सामुदायिक सहभागिता के जरिए प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में बढ़ते जल संकट और घटते वन क्षेत्रों पर चिंता व्यक्त करते हुए जल संरक्षण और जल संचयन के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि, जल और जंगल दोनों ही जीवन के आधार हैं, इसलिए इनके संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। साथ ही ग्रामीणों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का त्याग करने और गांव को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। जिला समन्वयक एसबीएमजी मदन प्रेमी ने स्वच्छता और पर्यावरण के परस्पर संबंधों को रेखांकित करते हुए जनभागीदारी पर जोर दिया। ग्राम सरपंच प्रतिमा भगत ने पंचायत स्तर पर निरंतर पर्यावरण सुधार के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। यूनिसेफ के प्रतिनिधि शास्त्री कुमार ने आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर बल दिया, वहीं वन विभाग के अंकित भगत ने पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियों और जंगलों के महत्व की जानकारी दी।

# एनडीडीबी डेयरी समग्र योजना से सशक्त हो रही हैं महिलाएं

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी समग्र योजना छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का नया आधार बन रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के 24 गांवों की 447 महिला डेयरी उत्पादक किसान सीधे लाभान्वित हो रही हैं, जो पशुपालन को एक लाभप्रद व्यवसाय के रूप में स्थापित कर रही हैं।

■ 80 लाख से अधिक सीधे महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित

योजना के तहत पशु नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 27 आदिवासी महिला हितग्राहियों को उन्नत साहिवाल नस्ल की दुधारू गायें वितरित की गई हैं।साहिवाल नस्ल अपनी उच्च दुग्ध क्षमता और रोग प्रतिरोधक शक्ति के लिए जानी जाती है।

जिले के 24 गांवों की 447 महिलाएं इस मुहिम का हिस्सा हैं, जिनमें से 114 आदिवासी महिला आधिकारिक तौर पर पंजीकृत होकर संस्थागत रूप से कार्य कर रही हैं। वर्तमान में 197 सक्रिय महिला सदस्य प्रतिदिन दूध संकलित कर रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में प्रतिदिन औसतन 1,075 लीटर दूध का संकलन किया जा रहा है। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करते हुए, इस वित्तीय वर्ष में 5 जून से 31 मार्च 2026 तक 374 महिला हितग्राहियों के खातों में 80, 80 लाख 54 हजार 468 रुपये की राशि महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप



### बतौली में सांसद बृजमोहन का किया गया भव्य स्वागत

**सेदम।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल का बतौली में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ बाइक रैली निकाली।मैनपाट जाने के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल व भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर बतौली में रुके जहां समर्थकों द्वारा पुराने बस स्टैंड से लेकर बगीचा चौक तक उनका बाइक रैली गाजे बाजे पटाखों के साथ स्वागत किया। बगीचा चौक पहुंचने पर भाजपा नेता मनोज गर्ग कामरेड के घर उनकी माताजी से उनका हालचाल पूंछा। साथ ही सभी भाजपा पदाधिकारी से विधान सभा की जानकारी ली। इसके अलावा शासन द्वारा दी जा रही सुविधा का जायजा लिया। इस दौरान अशोक गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रवीण गर्ग, नितेश गर्ग, नवीन गर्ग, उमेश अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, गुलाब गोयल, अनिमेष अग्रवाल, रवि नामदेव, अंकित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मोनू पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिगड़ी में लाखों की वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** ग्राम पंचायत जिगड़ी में विभिन्न योजनाओं में लाखों रुपए में वित्तीय अनियमितताओं पर कार्रवाई किए जाने तथा वसुली न होने के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत जिगड़ी में 19,82,123 रुपये के गबन एवं अनियमितताओं पर कार्रवाई एवं वसूली नहीं होने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जनपद पंचायत द्वारा की गई जांच में सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध लगाए गए आरोप सत्य पाए गए तथा कुल राशि 19 लाख 82 हजार 123 रुपए की वसूली निर्धारित की गई थी।परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि वित्तीय अनियमितता की राशि तत्काल वसूली की जाए और सरपंच एवं सचिव पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि 15 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ नयन तारा सिंह तोमर ने बताया कि मामला वर्ष 2019 का है। इस मामले में जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगा किया जाएगा।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी बाबा पारा निवासी पिन्टू प्रजापति आ. धरम साय (43 वर्ष) शराब पीने का आदि था। आए दिन शराब पीकर घर आने से परिजन नाराज थे। 15 अप्रैल को शराब पीकर घर पहुंचा तो पत्नी फुलमनिया ने शराब पीने से मना किया। जिस पर पिन्टू ने 17 अप्रैल को कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ग्रामीण की गंभीर हालत होने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को रायपुर के बजाय शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### एफआरयू सेंटर में ब्लड बैंक, आईसीयू, एम्बुलेंस की है समस्या

# विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में जूझ रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर वर्षो पुराने होने के बावजूद आज तक न तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थ हुई है और न ही अस्पताल में ब्लड बैंक व आईसीयू की व्यवस्था हो सकी। ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज को जिस तरह से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलना चाहिए उस तरह की सुविधा से लोग वंचित है। अस्पताल में कोई गंभीर मरीज दाखिल हो गया तो उपचार के बजाय उसे तत्काल रेफर कर दिया जाता है जिससे कई मरीजों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया है।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में उपचार कराने विकासखंड से आते है लोग

विकासखंड उदयपुर के एक मात्र आदिवासी बहुल इलाकों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जो जो वर्षों पुरानी और एफआरयू सेंटर का दर्जा प्राप्त है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकास खंड के 92 गांव के लोग इलाज करवाने पहुंचते है। इसके अलावा प्रेमनगर, लखनपुर विकासखंड के गांवों के लोग इलाज करवाने आते है। नेशनल हाईवे पर दुर्घटना के गंभीर मरीज भी आए दिन पहुंचते जिससे अस्पताल लोगों के लिए जीवनदायिनी बन चुकी है। लेकिन शासन, प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाखों रुपए खर्च कर रही है। बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। सही समय में सही इलाज नहीं मिलने पर मरीजों की जान चली जाती है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक के नहीं होने के कारण कई बार हार्ड अटैक के गम्भीर मरीज अस्पताल आते हैं लेकिन उन्हें ईसीजी तक सुविधा नहीं मिलती जिससे रेफर करने पर परिजन को 50 से 100 किलोमीटर दूरी तय कर जिला मुख्यालय अम्बिकापुर ईलाज के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में अस्पताल में मूलभूत सुविधा नहीं होने का खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है। इसके अलावा मरीजों को लाने ले जाने के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था थी वह भी एक्सीडेंट होने से अस्पताल परिसर में ही खड़ा कर दिया और मरम्मत नहीं होने के कारण कबाड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में एंबुलेंस की सुविधा नहीं होने के कारण मरीज को रेफर करने के बाद परिजन इधर उधर वाहन की व्यवस्था करने भटकने को विवश होते है। कई बार तो एंबुलेंस के अभाव में कई लोगों की जान जा चुकी है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।

#### विशेषज्ञ डॉक्टरों का अभाव

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को एफआरयू सेंटर का दर्जा प्राप्त है लेकिन सेटप के मुताबिक हॉस्पिटल में 6 मेडिकल ऑफिस चाहिए लेकिन वर्तमान में मात्र दो मेडिकल ऑफिसर है और 4 पद खाली है। इसके अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन, एनिस्थिसिया सहित अन्य कई विशेषज्ञों का पद वर्षो से रिक्त पद पड़े हैं। अस्पताल में कुछ एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ हैं भी जो जूनियर होने के कारण ज्यादा तर मरीजों को रेफर करते है।जीवन दयनीय अस्पताल में कई किलोमीटर लंबी दूरी तय कर दूर दूराज क्षेत्र से लोग आते हैं लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एवं समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण छोटे छोटे बिमारी के ईलाज के लिए जिला मुख्यालय अम्बिकापुर जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### ब्लड बैंक एवं आईसीयू की आवस्यकता

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एफआरयू सेन्टर के दर्जा प्राप्त है। हैरानी की बात यह है कि जीवन दयनीय अस्पताल में आज तक ब्लड बैंक के अलावा आईसीयू की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के गंभीर मरीज एवं बीमारी से गंभीर हुए मरीजों को अस्पताल में सुविधा नहीं होने के कारण रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में दुर्घटना में घायल मरीज एवं गंभीर बीमार मरीज सुविधा के अभाव में मौत हो जाती है।

#### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ डॉक्टर सहित अन्य समस्याएं में है। विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अस्पताल की समस्याओं से उच्च अधिकारियों एवं विभाग को अवगत कराया गया है।

-डॉ. योगेंद्र पैकरा, बीएमओ उदयपुर



## केतकी खदान के मुख्य द्वार पर एटक का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान के मुख्य द्वार पर संयुक्त कोयला मजदूर संघ - एटक के बैनर तले ठेका श्रमिकों ने मंगलवार सुबह जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह 7 से 9 बजे तक चले सांकेतिक धरने में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

- 3 दिन में मांगें पूरी नहीं हुईं तो सबएरिया कार्यालय के घेराव की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने खदान प्रबंधन पर आरोप लगाया कि लिखित आश्वासनों के बावजूद श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। खदान में ठेका श्रमिकों के लिए स्टैंडिंग ऑर्डर नहीं होने से कंपनियां मनमानी कर रही हैं और श्रमिकों को महीने में महज 10 से 15 दिन ही काम मिल पा रहा है। उन्होंने सुरक्षा मानकों की अनदेखी, सीएमपीएफ मद में की गई कटौती का भुगतान लंबित होने, तथा नियोजन और सेवा समाप्ति की स्पष्ट नीति न होने जैसे मुद्दे भी उठाए। उनके अनुसार, इन परिस्थितियों में पेटी कॉन्ट्रैक्टरों और बिचौलियों द्वारा अवैध वसूली और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही वर्ष 2024-25 का पीएलआई/बोनस पूर्ण रूप से नहीं दिया गया है और श्रमिकों को वेतन व बोनस पर्ची भी नहीं मिल रही है। धरना को एटक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आर.के द्विवेदी और क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य सजल मित्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने श्रमिकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। प्रदर्शन के बाद यूनियन ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर 9 सूत्रीय मांगों पर तीन कार्य दिवस के भीतर कार्रवाई की मांग की है। एटक ने चेतावनी दी है कि यदि समय सीमा में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आरजीके सहक्षेत्र कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।इस दौरान एटक के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ठेका मजदूर विरोध प्रदर्शन में लाल झंडे के साथ शामिल हुए।

# अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट इंट्रा ग्रुप 'एफ' का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सैनिक स्कूल में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट इंट्रा ग्रुप 'एफ' का आयोजन 21 से 25 अप्रैल तक किया जा रहा है। सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल छह विद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें सैनिक स्कूल कोरुकोंडा आंध्र प्रदेश, सैनिक स्कूल भुवनेश्वर ओडिशा, सैनिक स्कूल अंबिकापुर छत्तीसगढ़, सैनिक स्कूल संबलपुर ओडिशा, एनएसएस आदर्शिला विद्या मंदिर बिलासपुर तथा एनएसएस एलॉन पब्लिक स्कूल बेमेतरा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में सब-जूनियर बालक, जूनियर बालिका एवं जूनियर बालक वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 48 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह मंगलवार प्रातः 7 बजे सोमनाथ स्टेडियम, सैनिक स्कूल अंबिकापुर में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में सभी प्रतिभागी टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया तथा खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की शपथ ली। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रथम लीग मैच का शुभारंभ किया गया और प्रतियोगिता का औपचारिक आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारूप में किया जा रहा है, जिसमें सभी टीमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक-दूसरे के विरुद्ध मुकाबला करेंगी। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी तकनीकी दक्षता, शारीरिक क्षमता, रणनीति तथा टीमवर्क प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रही है। प्रतियोगिता का समापन समारोह 25 अप्रैल को सोमनाथ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। समापन समारोह के दौरान घुड़सवारी प्रदर्शन एवं अन्य आकर्षक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की है। साथ ही अभिभावकों को फुटबॉल प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया है ताकि वे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर सकें और इस खेल आयोजन का आनंद ले सकें। यह प्रतियोगिता कैडेट्स में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## तिनक धिन धा सिंगिंग कॉन्टेस्ट के लिए ऑडिशन 23 मई को

**अम्बिकापुर।** सुरीली आवाज़ को मंच देने के उद्देश्य से सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा तिनक धिन धा कराओ सिंगिंग कॉन्टेस्ट' का ऑडिशन 23 मई को सुबह 10.30 से शाम 6.30 बजे तक होटल अलंकार मे आयोजित किया जाएगा।आडीशन के बाद चयनित टॉप 15 प्रतिभागियों का ग्रैंड फिनाले 24 मई को शाम 5.30 बजे राज मोहनी ऑडिटोरियम मे होगा।फिनाले में विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।कार्यक्रम पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी ,ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, लक्ष्मी जायसवाल, पार्षद आलोक दुबे के आतिथ्य एवं महापौर श्रीमति मंजुषा भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

# भीषण गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने पशुपालन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**अम्बिकापुर।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए पशुपालन विभाग ने पशुपालकों और किसानों के लिए एडवायजरी जारी की है। अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. सीके मिश्रा ने बताया कि अत्यधिक तापमान के कारण पशुओं में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता और दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



- पशुपालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह

डॉ. मिश्रा ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर पशुपालक न केवल अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि आर्थिक हानि से भी बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं को लू से बचाने के लिए उनके आवास शेड पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुओं को हमेशा ठंडी और हवादार जगह पर रखें। शेड के ऊपर टाट, घास डालकर या सफेद पेंट कर तापमान को कम रखा जा सकता है। शेड में पंखे या कूलर का उपयोग करें। दोपहर के समय पशुओं को सीधी धूप में बाहर कतई न बांधें। पशु शेड के आसपास छायादार वृक्षों का होना तापमान नियंत्रण में अत्यधिक सहायक होता है। पशुओं को दिन में कम से कम 3-4 बार ताज़ा और ठंडा पानी पिलाएं। पानी में इलेक्ट्रोलाइट, नमक या गुड़ का घोल मिलाकर देने से लू से बचाव होता है। शरीर के तापमान को संतुलित रखने के लिए दिन में 1-2 बार पशुओं को नहलाना लाभदायक है। पशुओं को सुबह और शाम के ठंडे समय में ही चारा दें। दोपहर में भारी दाना देने से बचें और आहार में पर्याप्त हरा चारा शामिल करें। यदि पशु तेज सांस ले रहा हो, हांफ रहा हो, मुंह खोलकर सांस ले रहा हो या उसके मुंह से लार टपक रही हो, तो यह लू लगने के संकेत हैं। शरीर का अत्यधिक गर्म होना या पशु का सुस्त होकर गिर जाना भी चिंताजनक लक्षण हैं। डॉ. मिश्रा ने सलाह दी है कि लू के लक्षण दिखने पर पशु को तुरंत छाया में ले जाएं और उसके सिर व गर्दन पर ठंडा पानी डालें। प्राथमिक उपचार के साथ ही नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क कर उचित इलाज कराएं।

## बालिका गृह के कर्मचारी को चकमा देकर फरार हुई किशोरी

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जांच कराने आई किशोरी ने बालिका गृह के महिला कर्मचारियों को चकमा देकर फरार हो गई। बालिका गृह के कर्मचारियों ने किशोरी के भाग जाने की सूचना अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र में की है। जानकारी के अनुसार लगभग 4-5 दिन पूर्व 17 वर्षीय किशोरी को बलरामपुर जिले के महिला बाल विभाग द्वारा शहर के दर्रीपारा स्थित बालिका गृह भेजा गया था जहां किशोरी 4-5 दिन से रह रही थी। किशोरी ने स्वास्थ्य बिगड़ने शिकायत की तो बालिका गृह के महिला कर्मचारियों ने किशोरी को जांच व उपचार कराने मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुचे। कर्मचारी चिकित्सकों से जांच कराने पर्ची कटा रहे थे तभी किशोरी ने कर्मचारियों को चकमा देकर फरार हो गई। इधर बालिका गृह के कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में किशोरी की तलाश शुरू की लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। जिस पर कर्मचारियों ने किशोरी के भाग जाने की सूचना अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र में की।

## अजगरा नाला के समीप पटला बाराती पिकअप, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अजगरा नाला के समीप बाराती पिकअ पलट जाने से सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी जीवन लाल पंडो आ. स्व. अहारी (17 वर्ष) सोमवार को परिजन को गांव में घूमने जाने की बात कहकर निकला था। इसी बीच गांव से जा रहे बारात में शामिल हो गया। युवक अन्य लोगों के साथ पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 1649 में सवार होकर बारात जाने लगा। जैसे ही बाराती पिकअप अजगरा नाला के समीप पहुचा तभी चालक पिकअप से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित हो कर नाला के समीप पलट गया। वाहन के नीचे दब जाने से जीवन लाल सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जीवन लाल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। वहीं अन्य घायलों को स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## दो गांजा तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 3 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। स्कूटी सवार युवक घुटरा पारा नहर रोड में ग्राहक का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 4 सौ ग्राम गांजा जब्त किया वहीं पुलिस ने गांजा सप्लाई करने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि स्कूटी सवार युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर घुटरापारा नहर रोड में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर नहर रोड में स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 7178 लेकर खड़े मोमिनपुरा आयान मार्ग निवासी शाहबाज आलम आ. स्व. निजामुद्दीन (24 वर्ष) को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ किया तो युवक गोल मोल जवाब देने लगा। पुलिस ने जब स्कूटी की तलाश ली तो स्कूटी की डिक्की में रखे 3 किलो 4 सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ करने पर युवक ने गांजा मोमिनपुरा निवासी मो. इज़ाज़ से 8 हजार रूपए में खरीदने बात बताई। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर मो. एजाज आ. आवेश (47 वर्ष) को पकड़ा तो मो. एजाज ने सीतापुर पेट निवासी होना बताया। साथ ही गांजा लैलूंगा से खरीद कर सप्लाई करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों पास से गांजा सहित स्कूटी व मोबाइल को जब्त कर दोनों के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# हाथी के हमले से दो युवकों की मौतः कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतकों के परिजन से की मुलाकात, बंधाया ढांढस



**बिश्रामपुर।** लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव व घाघी टिकरा में दो लोगों की हाथियों द्वारा कुचलने से मौत होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने आज मंगलवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों की मांग पर जल्द ही सूरजपुर कलेक्टर से मुलाकात कर न्याय दिलाए जाने की मांग करने का भी भरोसा दिलाया है।

गौरतलब है कि बुधवार शाम दल से बिछड़े एक हाथी के हमले में मृतक केशव भोई पिता साधु भोई निवासी कोटबहरा बाइक से उसके साथ कार्य करने वाली महिला को छोड़ने उसके घर जा रहा था, तभी जंगल में अचानक हाथी से आमना-सामना हो गया था। बचने की कोशिश में हाथी ने उसे पकड़कर कुचल दिया। बाइक में सवार महिला किसी तरह जान बचाकर भाग निकली, हालांकि वह तार की फेंसिंग में फंसकर घायल हो गई थी। इसी तरह गुरुवार को उसी हाथी ने ग्राम पंचायत अखोराकला के घाघीटिकरा निवासी 45 वर्षीय सोहन सिंह पिता जगरनाथ सिंह को भी कुचलकर उसकी हत्या कर दिया था। दोनों युवकों की हाथी से कुचलने से मौत होने पर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने दोनों पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए उनके न्याय की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया है। जिलाध्यक्ष शशि सिंह को परिजन व उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ महीने से हाथी इस क्षेत्र में आतंक मचाते हुए जानमाल का नुकसान कर रहे हैं, बावजूद इसके वन विभाग व प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी, इसी वजह से दो युवकों की मौत हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर शाम ढलते ही विद्युत विभाग द्वारा हाथियों के रिहायशी इलाके में पंहुचने पर लाइट गुल कर दिया जाता है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ जाती है। उन्होंने बताया कि हाथी में मृत युवकों के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजा राशि में भी बढ़ोत्तरी कराई जाए और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी दिलाई जाए। ग्रामीणों ने बताया कि कोट बहरा गांव में वन विभाग द्वारा जो बेवजह सीपीटी गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, उसमें कम से कम किसी व्यक्ति के गुजरने का मार्ग भी शुरू कराया जाए, जिससे करीब चार पांच सौ लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही पीड़ित परिवार के साथ मिलकर एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर एस जयवर्धन से मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कंवल बिहारी सिंह टेकाम, सरपंच गोवर्धन सिंह मरकाम, मो. इस्माइल खान, सुनील सारथी, वेद प्रकाश मिश्र, इम्तियाज अहमद, रोहन राजवाड़े, लिली राजवाड़े, भुनेश्वर सिंह कोर्राम, जरीना सुल्ताना, रणजीत सिंह, शिव राजवाड़े, जैनुल अफजल, सरपंच निरुपा सिंह नेताम, व अन्य उपस्थित थे।

## जिले में यात्री बसों के परमिट के अनुसार संचालन की मांग, आरटीओ को सौंपा ज्ञापन

**राजापुर।** जिले में यात्री बसों के परमिट के अनुसार संचालन नहीं होने से तथा यात्रियों को हो रही परेशानियों को लेकर सर्व नवीन सोनार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंप।

साथ ही व्यवस्था सुधारने की मांग की है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में संचालित कई यात्री बसें निर्धारित परमिट और तय मार्ग के अनुसार नहीं चल रही हैं। विशेष रूप से एनएच 343 मार्ग पर अंबिकापुर से रामानुजगंज तक संचालित बसों की स्थिति चिंताजनक है। कुछ बसें निर्धारित मार्ग से हटकर अंबिकापुर से सेमरसोत होते हुए बलरामपुर-रामानुजगंज पहुंच रही हैं, जबकि कुछ बसें वाड्रफनगर मार्ग का उपयोग कर रही हैं। ऐसे में मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले कई गांवों और कस्बों के यात्रियों को बस सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस अनियमितता के कारण परसा, ककना, बरियों, राजपुर, झींगों, बासेन, पस्ता और पाढ़ी क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और दैनिक यात्रियों को निजी वाहनों या वैकल्पिक साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानियां बढ़ रही हैं। सुरेश सोनी ने मांग की है कि सभी यात्री बसों का संचालन उनके निर्धारित परमिट और मार्ग के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। यदि बसें तय रूट पर नियमित रूप से चलेंगी तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन व्यवस्था सुचारू हो सकेगी।



# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

## लाइफ Style



# दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

## हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

## टीवी मसाला



# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था।



कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*


**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा    इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*__नई दिल्ली।__ 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## खबर संक्षेप

### शर्प दंश के बाद आनंद को मिली जिंदगी



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से महज 3 किमी दूर स्थित ग्राम गोतमा निवासी आनंदराम गुप्ता पिता मिलु गुप्ता रोज की भांति तडके सुबह अपने खेत गया था। जहां वह कद्दू काट रहा था कि इसी बीच उसका एक पैर सांप के पूंछ पर पड़ा। जिसके कारण पलट कर सांप ने काट लिया। आनंद ने घटना की गंभीरता को देखते हुए हास्पिटल पहुंचा। हास्पिटल प्रबंधन ने मौके की नजाकत को देखते हुए सघन इलाज प्रारंभ करते हुए लगातार संबंधित प्रतिरोधी दवाएं देना प्रारंभ कर दिया। इस गंभीर घटना को देखते हुए गोतमा के लोग आनंदराम को देखने आ रहे हैं जिसमें यहां के मालगुजार परिवार के रूपधर गुप्ता आदि शामिल है। आनंद राम ने लोगों को बताया कि 18 साल पहले उसे करेट ने भी डंसा था जिसमें वह इसी तरह के उपाय से बच पाया था। डाक्टरों के मुताबिक अब आनंदराम गुप्ता खतरे से बाहर है।

### सड़क निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**पुसौर।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी के पहल पर पुसौर के विकास के बीच सड़कों और नालियों का निर्माण किया जाकर नगर के सौदर्यीकरण की ओर पुसौर बढ़ रहा है। इस आशय से पशु हास्पिटल से थाना तक के रोड का सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उक्त भूमिपूजन नगर उपाध्यक्ष उमेश साव के हाथो संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं और भूमिपूजन भगवान को साक्षी मानकर किया जाता है। इस वार्ड में एक वर्षीय बालक शिवांस अग्रवाल के निर्मल स्पर्श से भूमिपूजन कराया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर, शिवांस के दादा विजय अग्रवाल तथा कमलेश साव आदि उपस्थित रहे।

### तमनार में बटूकों का ब्रतोपनयन संस्कार

**तमनार।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा मण्डल तमनार लैलूंगा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण तमनार में हिन्दु सनातन संस्कृतिधर्म अभ्युत्थानए विश्वशांति एवं जनकल्यार्थ तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह वैष्णव बैरागी बटूकों का शास्त्रोक्त विधिवत ब्रतोपनयन संस्कार कर संकल्पित व अभिमंत्रित यज्ञोपवीत धारण हेतु विशेष यज्ञ अनुष्ठान किया जा रहा है। इस पावन व मंगलमय अलौकीक अक्षय पुण्य वर्धक आध्यात्मिक सत्र के साक्षी बनने व अक्ष्य पुण्य के सहभागीता के निमित्त हजारो लोग शामिल हो रहे है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गौ तस्करी पर ...

भगत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम टेम्पु, चौकी मनोरा, जिला जशपुर बताया। आरोपी ने गौवंशों को झारखंड ले जाना स्वीकार किया। जब पुलिस ने पशुओं से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने सभी 12 गौवंशों को सकुशल बरामद कर पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 21 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसएसपी का सख्त संदेश- जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि, जिले में गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मनोरा क्षेत्र में 12 गौवंशों को मुक्त कराया गया है और एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गौ तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने बगिया ...

मौजूद रहे। जनदर्शन के दौरान प्राप्त कई आवेदनों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कुछ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और संबंधित विभागों को जनहित के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि शासन जनता के साथ है और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## पूर्ण टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और प्रमुख कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा

# स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता, समयबद्धता और मॉनिटरिंग पर दिया जा रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते कलेक्टर।

जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए, साथ ही सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए।

समीक्षा बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख कार्यक्रमों पर विशेष फोकस रहा। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनसी जांचए संस्थागत प्रसव सेवाएं तथा शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पूर्ण टीकाकरण की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के सभी पात्र बच्चों का निर्धारित समय सीमा में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही छूटे हुए हितग्राहियों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी, चिरायु योजना और एनीमिया मुक्त भारत अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच सके। इसके अलावा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण, सिकल सेल नियंत्रण, अंधत्व निवारण, एनसीडी कार्यक्रम, टेली कंसल्टेशन सेवाएं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय.सीमा में उपलब्धि सुनिश्चित की जाए और जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन हो। स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए, गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन हो और कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए गति बढ़ाई जाए।

कलेक्टर ने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सीधे तौर पर आमजन के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयास करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा सहित जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।



## एक करोड़ से अधिक के वाहन और मशीनरी बन गए कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर की स्थापना 2008 में होने के बाद यहां के रहवासियों के घर से कचरे उठाने के लिए ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन, डस्टबि, पेयजल के लिए नलकुप खनन, चलित पानी टंकी मोटर फीटिंग पाइप बिछाना, प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत पोल की स्थापना उसमें लगे भारी बल्ब सहित इस प्रकार कई वाहन व मशनरी सामान आदि क्रय किया गया है। उसमें से अब तक एक करोड से अधिक राशि के वाहन मशीनरी सामग्री कबाड़ हो गई है। इसमें 3 ट्रैक्टर, एक शौचालय साफ करने वाला वाहन, कई कचरे वाली रिक्शे, बिजली पोल, नलकुप पंप पाइप आदि नष्ट हो चुके हैं।

शासन के नियमानुसार एक वाहनों की आयु 15 वर्ष होता है। इस तरह नलकुपों के उपयोग के आधार पर उसके आयु तय होते हैं इस आधार पर नगर पंचायत में जितने भी वाहन शासन द्वारा प्रदाय हुआ है उसमें से ज्यादातर वाहनों के आयु शासन के नियम के अनुसार बचे हुए हैं, लेकिन वो कबाड़ हो चुके हैं। निजी तौर पर इस तरह के ट्रैक्टर अथवा नलकुप का कोई उपयोग करता है तो उसे सालों साल उपयोग में लाता रहता है चूंकि उसका मेन्टेनेस करता रहता है। नगर पंचायत में मेन्टेनेंस करने के बावजुद भी इनके सारे मशीनरी कबाड़ हो रहे हैं इसके पीछे का सच क्या है? इस तथ्य के पड़ताल में पाया गया है कि मेन्टेनेंस के लिए लाए गए खर्च संबंधित वाहन या मशीन में उपयोग नहीं किया जाता जिसके फलस्वरूप वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है और उसे सालों साल वैसे ही रख दिए जाने से वह कबाड़ के भाव में भी नहीं जाता और जंग लग कर मिट्टी में मिल जाता है।

## महापौर ने किया भूमिपूजन वार्ड 38 में होगा नाली निर्माण



**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38, चमड़ा गोदाम आदर्श नगर में लगभग 13 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर संपन्न किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में विकास कार्य का शुभारंभ हुआ।

महापौर जीवर्धन चौहान ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे विशेषकर वर्षा ऋतु में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाली निर्माण पूर्ण होने के बाद इस समस्या का स्थायी समाधान होगा और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के वित्तमंत्री ओमप्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नगर में विकास कार्यों को गति मिल रही है, और इसी कड़ी में यह कार्य भी क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। सभी ने इस कार्य के लिए महापौर एवं नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के पार्षद कुंदन चौहान, एमआईसी सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, भाजपा नेत्री सुशीला चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पुसौर के कृषि विकास अधिकारी ने ली बैठक

**पुसौर।** रबी और आने वाले खरीब फसल को लेकर कृषि विकास अधिकारी रोहित पटेल ने समस्त आरएईओ के साथ बैठक किया। जानकारी के मुताबिक रबी फसल में जिन किसानों ने धान फसल लिया है उसमें हो रहे पानी की आपूर्ति से क्षेत्र में पेय जल की असुविधा साथ ही आगामी खरीफ फसल के लिए मिट्टी परीक्षण के लिए शासन के मंशा को साझा किया। ज्ञात हो कि पुसौर क्षेत्र में 29 आरईओ क्षेत्र है जहां अलग-अलग संबंधित अधिकारी है जो क्षेत्र के किसानों से मिट्टी की उर्वरता और फसल की जानकारी लेते हैं। बैठक में इन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित करें कि वे गर्मी के सीजन में धान का फसल न लेकर सब्जी उगाएंद्ध चूंकि धान में पानी की जरूरत अधिक होती है। इसी कड़ी में किसान सम्मान निधि राशि वितरण के लिए अलग अलग मुखातिब होकर उनसे जानकारी प्राप्त किया और उसे कम्पयूटर अपरेटर के जरिए संधारित कर संबंधित किसान को उसके राशि दिलवाने की कोशिश किया।



## विधायक निधि की कार्यान्वयन प्रक्रिया में परिवर्तन

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा राज्य शासन की महत्वपूर्ण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र योजना जिसे सामान्य तौर पर विधायक निधि के रूप में जाना जाता है के कार्यान्वयन की स्थापित प्रक्रिया में राज्य शासन के निर्देश पर परिवर्तन करते हुए ऑनलाइन मोड में कार्यान्वित किए जाने के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई।

उल्लेखनीय है कि, प्रभारी मंत्री, विधायकों की अनुशंसा पर कम लागत के पूंजीगत प्रवृत्ति के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु राज्य सरकार के द्वारा चार करोड़ रुपए तक की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आवंटन जारी किया जाता है। इसमें से तीन करोड़ रुपए तक की सीमा के कार्य संबंधित विधानसभा के विधायक की अनुशंसा पर तथा एक करोड़ रूपए तक के कार्यों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के माननीय प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा योजना के दिशा-निर्देशानुसार स्वीकृत किए जाते हैं। जिनका कार्यान्वयन स्थानीय शासकीय कार्य ऐजेंसियों द्वारा किया जाता है। सामान्य तौर पर यह विकास कार्य एक वर्ष की समयावधि में पूर्ण कर लिए जाते हैं। इसके अंतर्गत सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, छोटे पुल-पुलिया का निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सार्वजनिक-सांस्कृतिक मंच निर्माण जैसे कार्यों को लिया जाता है। अभी तक यह संपूर्ण प्रक्रिया

**खास बात**

- अभिलेखों को जिला कार्यालय तक पहुंचाने की आवश्यकता

ऑफ लाईन मोड में संचालित की जा रही थी। इसके अंतर्गत अनुशंसा पत्र प्राप्त होने पर संबंधित कार्य ऐजेंसी के द्वारा प्राक्कलन तैयार कर आवश्यक सह अभिलेखों के साथ स्वीकृति हेतु जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा था। जहां से इसे कलेक्टर को प्रस्तुत कर स्वीकृति प्राप्त की जाती थी एवं कार्यान्वयन ऐजेंसी को राशि उपलब्ध कराई जा रही थी। अब राज्य शासन की अनुमति से सुशासन एवं पारदर्शी प्रशासन के अंतर्गत पूरी प्रकिया को ऑनलाइन मोड में कियान्वित करने के निर्देश जारी किए है गए हैं। नई प्रक्रिया को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यान्वित किया गया था एवं इसके सफलता पूर्वक कियान्वयन के बाद इसे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 से पूरे राज्य में कार्यान्वित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस नवीन प्रक्रिया के अंतर्गत केंद्र शासन की सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की तरह ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रभारी मंत्री के संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी एवं समस्त कार्यान्वयन ऐजेंसियों को पृथक पृथक लागईन आइडी उपलब्ध कराई जा रही है । इसके माध्यम से विधायक एवं प्रभारी मंत्री जी अपने कार्यालय से ही योजना के लिए निर्धारित पोर्टल पर अपनी अनुशंसाओं को अपलोड करेंगे। ये अनुशंसाएं संबंधित जिला प्राधिकारी के पोर्टल पर अवलोकन एवं स्वीकृति संबंधी कार्यवाही के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी का सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर में ओपन हाउस

**चंद्रपुर।** ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी द्वारा चंद्रपुर जोन के छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर में एक दिवसीय ओपन हाउस करियर काउंसलिंग सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। यह सेमिनार पूरे चंद्रपुर जोन के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ।

सेमिनार का संचालन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आरडी पटिदार डीन डॉ. गिरीश चंद्र मिश्रा तथा वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य डॉ. कविता पटेल, डॉ. पुष्पांजलि, डॉ. स्वाति, डॉ. दीप्ति और मिस अंकिता के मार्गदर्शन में हुआ। इन सभी विशेषज्ञों ने चंद्रपुर जोन के 40 से अधिक छात्र छात्राओं व 50



शिक्षकों को स्किल फोकस्ड उच्च शिक्षा, इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से तैयार किए गए कोर्सेस, आकर्षक स्कॉलरशिप योजनाओं तथा हाईएस्ट प्लेसमेंट की विस्तृत जानकारी दी। यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी चंद्रपुर जोन की ए ग्रेड हाईएस्ट प्लेसमेंट वाली इंडस्ट्रियल लिंक्ड यूनिवर्सिटी है, जो छात्रों को सीधे उद्योग जगत से जोड़ती है। यहां विभिन्न प्रकार के आधुनिक और स्किल ओरिएंटेड कोर्सेस उपलब्ध हैं, जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार बेहतरीन करियर चुन सकें। डॉ. आडी पटिदार ने अपने संबोधन में कहा हमारी यूनिवर्सिटी न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत स्किल बेस्ड शिक्षा पर विशेष जोर देती है जो इंडस्ट्री की वर्तमान जरूरतों को पूरा करती है। साथ ही छात्रों को अच्छी स्कॉलरशिप और शानदार प्लेसमेंट का पूरा भरोसा दिलाता है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर के प्राचार्य जगन्नाथ नायक तथा समलाई बाल कल्याण समिति के सदस्य अध्यक्ष प्रेम किशोर पटेल, सुपचंद पटेल, सीताराम देवांगन की उपस्थिति रही।

## सेवा सप्ताह में किया फायर डेमोस्ट्रेशन

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा प्रोजेक्ट में अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन एनटीपीसी लारा के अग्निशमन केन्द्र पर मुख्य अतिथि एचओपी एनटीपीसी लारा, सुभाष ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सहायक कमाण्डेट अग्नि देवेन्द्र नाथ सिंह के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान केऔसुब के अग्नि शाखा के बल सदस्यों द्वारा फायर डेमोस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया।



इस कार्यक्रम का संचालन निरी अग्नि नरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं केऔसुब के उप कमाण्डेन्ट महाबीर सिहं, सभी अधिकारी तथा बल सदस्य उपस्थित थे। फायर डेमोस्ट्रेशन को उपस्थित सभी लोगो द्वारा सराहा गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान एनटीपीसी लारा में पदस्थ अग्निशमन कर्मियों द्वारा एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों, स्कूल के बच्चों तथा आसपास के क्षेत्रों में जाकर अग्नि रोकथाम तथा अग्नि एवं सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया गया तथा लोगो को आग की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिसको मुख्य अतिथी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## राकेश के संकल्प से बदली बेजुबानों की तकदीर, कर रहे सेवा

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की हृदयस्थली और धर्मनगरी के रूप में विख्यात खरसिया आज पूरे देश में गौसेवा के एक बड़े केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना चुका है। इस सेवा यात्रा के पीछे एक ऐसे शख्स का अटूट संकल्प है, जिसने सड़क पर तड़पते गोवंश की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझा और बिना किसी सरकारी मदद या बड़ी संस्था के इंतजार के अकेले ही इस दुर्गम पथ पर निकल पड़े। खरसिया के प्रमुख गौसेवक राकेश केशवानी की गौसेवा के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं, जो न केवल बेजुबानों की सेवा का प्रतीक है, बल्कि अटूट श्रद्धा और संघर्ष से मिली विजय की एक जीती जागती मिसाल भी है।

आज से ठीक नौ साल पहले की बात है जब खरसिया की सड़कों के किनारे दुर्घटना का शिकार हुए और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त गोवंश की दुर्दशा देखकर राकेश केशवानी का मन विचलित हो उठा। उस समय स्थिति ऐसी थी कि धूप और बरसात में घायल गोवंश सड़कों पर पड़े रहते थे,



**निरंतर जागरूकता से युवाओं की फ़ौज तैयार**

सेवा की इस लौ को जलाए रखने के लिए उन्होंने खरसिया स्टेशन चौक के पास खाली पड़ी जमीन पर एक अस्थाई टेंटनुमा झोपड़ी बनाईए जहां आज चौपाटी स्थित है। राकेश केशवानी के इस निस्वार्थ कार्य को देखकर नगर के युवाओं का खून भी उबाल मारने लगा और देखते ही देखते 20 से 25 ऊर्जावान युवाओं की एक ऐसी फौज तैयार हो गई, जो दिन-रात बेज़ुबानों की सेवा में जुट गई।

घावों में कीड़े पड़ जाते थे और बेसुध अवस्था में उन्हें आवारा कुत्ते नोचते थे। राकेश केशवानी ने इस विकट समस्या को लेकर उस वक्त नगर पालिकाए पशु चिकित्सालय और विभिन्न गौशालाओं के चक्कर लगाए, मिन्नतें कीं लेकिन किसी ने भी उन बेसहारा घायलों को रखने की जिम्मेदारी नहीं ली। यहां तक कि कई गौपालक भी अपने गोवंश के घायल होने पर उन्हें मरता छोड़ कर चले जाते थे। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में राकेश केशवानी ने स्वयं मोर्चा संभाला और नगर पालिका के प्रांगण में ही घायल गोवंश की सेवा और उपचार शुरू किया। शुरुआत में नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों का साथ मिला और फिर धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम द्वारा आगामी 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

यह परीक्षा राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसमें प्रदेश के 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जशपुर जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा संपन्न होगी, जिसमें 4 हजार 904 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करें। ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र के माध्यम से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जिसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आने के लिए कहा गया है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित रहेगा।

